दिन–मंगलवार	दिनांक– 13/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्‌न 02:00 बजे से।	अवधि – 05 मिनट

बिहार विधान मंडल का बजट सत्र दो फरवरी से शुरू होगा। यह सत्र सत्ताईस फरवरी तक चलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने बाणसागर समझौते के तहत बिहार और झारंखड के बीच पानी के बंटवारे से जुड़े प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की। अब सोन नदी से बिहार को पांच दशमलव सात–पांच मिलियन एकड़ फीट पानी, जबकि झारखंड को दो मिलियन एकड़ फीट पानी मिलेगा। बैठक में अलग–अलग विभागों में कुल नौ सौ इकसठ पदों पर नियुक्ति का फैसला किया गया। सबसे अधिक छह सौ चौरानवे पदों पर कृषि विभाग में नियुक्ति होगी। कैबिनेट ने रोहतास में सीमेंट फैक्ट्री की स्थापना को भी मंजूरी प्रदान की। इसके लिए एक सौ सात करोड़ बत्तीस लाख रुपये की स्वीकृति दी गयी है। इसके अलावा, रोहतास के बंजारी स्थित डालमिया सीमेंट फैक्ट्री के विस्तार को भी मंजूरी प्रदान की गई। कैबिनेट ने पीएमश्री योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में सात सौ उनासी माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों के लिए चौदह अरब पचासी करोड़ रुपये की राशि को मंजूरी प्रदान की।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा सोलह जनवरी को पश्चिम चम्पारण जिले से शुरू होगी। मंत्रिमंडल विभाग ने यात्रा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। कार्यक्रम के अनुसार समृद्धि यात्रा का पहला चरण चौबीस जनवरी तक चलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी, शिवहर, गोपालगंज, सिवान, सारण, मुजफ्फरपुर और वैशाली जिले का दौरा करेंगे।

———————————————————

पथ निर्माण मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि मुम्बई–पुणे एक्सप्रेस–वे की तर्ज पर राज्य में पांच एक्सप्रेस–वे बनाये जायेंगे। फारबिसगंज में पत्रकारों से बातचीत में श्री जायसवाल ने कहा कि सरकार जल्द ही रोड मेंटेनेंस पर पॉलिसी बनायेगी ताकि सड़कों का रख–रखाव बेहतर किया जा सके।

———————————————————

अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने से ठंड में कमी दर्ज की गई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य का अधिकतम तापमान बीस दशमलव छह डिग्री से सत्ताईस डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। वहीं, पांच दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले पांच दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। कल सुबह राज्य के उत्तरी हिस्सों में कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

———————————————————

युवा, रोजगार और कौशल विकास विभाग की ओर से सोलह, सत्रह और बीस जनवरी को अवर प्रादेशिक नियोजनालय, पटना में जॉब कैम्प का आयोजन किया जायेगा। विभाग ने कहा है कि इच्छुक युवा शैक्षणिक योग्यता संबंधित प्रमाण पत्र, बायोडाटा, आधार कार्ड समेत अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ जॉब कैम्प में शामिल हो सकते हैं।

———————————————————

पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह में बारह विभागों की झांकियां प्रदर्शित की जायेंगी। पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एस.एम. ने बताया कि सरकार के विकासात्मक और लोक कल्याणकारी योजनाओं, समाज सुधार अभियान और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी झांकी निकाली जायेगी। इधर, पटना जिला प्रशासन ने कहा है कि गणतंत्र दिवस के मौके पर गांधी मैदान जाने वाले वाहनों की गहन जांच की जायेगी तभी उन वाहनों को प्रवेश दिया जायेगा।

———————————————————

रोहतास जिले के काराकाट बाजार से पुलिस ने कुख्यात अपराधी विष्णु कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी की पुलिस को कई मामलों में तलाश थी।

———————————————————

बेगूसराय में पिछले दिनों एक फायनांस कंपनी के कर्मी से हुई लूट के मामले में पुलिस ने सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास दो पिस्तौल और कारतूस बरामद किये गये हैं।

———————————————————

भागलपुर जिले के नारायणपुर प्रखंड अंतर्गत अमरी गांव में आग लग जाने से पांच घर जलकर नष्ट हो गए। अगलगी में छह मवेशियों की भी झुलसकर मौत हो गई।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।